**CLASS : 12th Sr. Sec. (Academic)** **Code No. 2904**

**Series : SS-M/2016**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (ऐच्छिक)

**HINDI (Elective)**

***ACADEMIC***

**1st SEMESTER**

( Only for Re-appear Candidates)

***(Morning Session)***

*समय : **2½** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Downloaded from cclchatper.com

***नोट :*** ***सभी*** प्रश्न ***अनिवार्य*** हैं। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। जिन प्रश्नों के कई भाग हैं, उन्हें एक साथ कीजिए। शुद्ध, सुपाठ्य तथा सटीक उत्तर को अधिमान दिया जाएगा। वर्तनी की अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में अंक काटे जाएंगे।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से ***सही*** विकल्प चुनकर लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) 'कार्नेलिया का गीत' प्रसाद के किस नाटक से लिया गया है ?

(क) चंद्रगुप्त (ख) स्कंदगुप्त

(ग) ध्रुवस्वामिनी (घ) अजातशत्रु

(ii) कवि के अनुसार क्या खाकर 'राह चलते होश के भी होश' छूट जाते हैं ?

(क) धोखा (ख) घाव

(ग) चोट (घ) ठोकर

(iii) कवि ने 'फोड़ धरा को रवि को तकता निर्भय' किसे कहा है ?

(क) दीप को (ख) मानव को

(ग) वृक्ष को (घ) अंकुर को

(iv) 'बनारस' कविता में पुराने शहर की क्या किरकिराने लगती है ?

(क) तबीयत (ख) जीभ

(ग) मानसिकता (घ) खामोशी

(v) 'एक कम' कविता में कवि ने स्वयं को किस से हटा लिया है ?

(क) होड़ (ख) मोड़

(ग) जोड़-तोड़ (घ) हेरा-फेरी



Downloaded from cclchatper.com

(vi) किसे पुकारने पर कौन हम से परे हटता जाता है ?

(क) ऋणी (ख) दाता

(ग) सत्य (घ) मृत्यु

(vii) 'मदनमहीने' से किस ऋतु का बोध होता है ?

(क) शरद (ख) पावस

(ग) ग्रीष्म (घ) वसंत

(viii) बीज को कौन पोसेगा ?

(क) किसान (ख) वर्षा

(ग) मिट्टी (घ) हल

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

श्रृंगार, रहा जो निराकार, रस कविता से उच्छ्वसित-धार
गाया स्वर्गीया-प्रिया-संग-भरता प्राणों में राग-रंग,
रति-रूप प्राप्त कर रहा वही,
आकाश बदल कर बना मही।

**अथवा**

आम बौर आवेंगे
रंग-रस-गंध से लदे-फंदे दूर के विदेश के
वे नंदन-वन होवेंगे यशस्वी
मधुमस्त पिक भौंर आदि अपना-अपना कृतित्व
अभ्यास कर के दिखावेंगे।



Downloaded from cclchatper.com

**3.** जयशंकर प्रसाद ***अथवा*** सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय के जीवन, रचनाओं और साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 4

श्रमित स्वप्न की मधुमाया में,

गहन-विपिन की तरु-छाया में

पथिक उनींदी श्रुति में किसने

यह विहाग की तान उठाई।

**अथवा**

शताब्दियों से इसी तरह गंगा के जल में

अपनी एक टाँग पर खड़ा है यह शहर

अपनी दूसरी टाँग से

बिलकुल बेखबर !

**5.** पठित कविताओं के आधार पर उत्तर दीजिए : $2 \times 4 = 8$

(क) कवि ने स्वयं को लाचार, कामचोर, धोखेबाज क्यों कहा है ?

(ख) 'गीत' और 'मोती' की सार्थकता किससे जुड़ी हुई है ?

(ग) 'गीत गाने दो मुझे' कविता दुःख और निराशा से लड़ने की शक्ति कैसे देती है ?

(घ) देवसेना की हार या निराशा के क्या कारण हैं ?



Downloaded from cclchatper.com

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से ***सही*** विकल्प चुनकर लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) लेखक के पिता की बदली जब मिर्जापुर हुई तो उनकी अवस्था कितने वर्ष की थी ?

(क) आठ (ख) दस

(ग) बारह (घ) चौदह

(ii) 'मिस्टर हादी के कोल्हू' की तरह किसके पुत्र को दिखाया जा रहा था ?

(क) प्रधान मंत्री के (ख) प्रधान अधिकारी के

(ग) प्रधान अध्यापक के (घ) प्रधान सभापति के

(iii) लेखक कौशाम्बी से पसोवा किस सवारी पर गया था ?

(क) मोटर (ख) बैलगाड़ी

(ग) टमटम (घ) इक्का

(iv) 'कच्चा चिट्ठा' पाठ के लेखक के अर्दली का क्या नाम था ?

(क) जगदेव (ख) कामता प्रसाद

(ग) सतीश (घ) महेंद्र

(v) हरगोबिन बड़ी हवेली की कौन-सी ड्योढ़ी पारकर अंदर गया ?

(क) पहली (ख) नयी

(ग) टूटी (घ) पुरानी



Downloaded from cclchatper.com

(vi) संवदिया डट कर खाता है और कैसे सोता है ?

(क) अफर कर (ख) पसर कर

(ग) मुँह ढक कर (घ) फैल कर

(vii) वर्धा स्टेशन से सेवाग्राम तक का फासला लगभग कितने मील था ?

(क) तीन (ख) चार

(ग) पाँच (घ) छः

(viii) अराफ़त की किस शिक्षा के बारे में बातें चल रही थीं ?

(क) मेडिकल (ख) इंजीनियरिंग

(ग) डिफेंस (घ) फार्मेसी

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

एक मित्र से ऐसा पत्र पाकर मेरे बदन में आग लग गई। मैं सब कुछ सहन कर सकता हूँ पर किसी की भी अकड़ बर्दाश्त नहीं कर सकता। आग्नेय अस्त्र से मेरे बदन में आग लग जाती है। वरुणास्त्र से पानी पानी हो जाता हूँ।

**अथवा**

धर्म के रहस्य जानने की इच्छा प्रत्येक मनुष्य न करे, जो कहा जाए वही कान ढलकाकर सुन ले, इस सत्ययुगी मत के समर्थन में घड़ी का



Downloaded from cclchatper.com

दृष्टांत बहुत तालियाँ पिटवाकर दिया जाता है। घड़ी समय बतलाती है। किसी घड़ी देखना जानने वाले से समय पूछ लो और काम चला लो।

**8.** पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $3 \times 4 = 12$

(क) लेखक का हिंदी साहित्य के प्रति झुकाव किस तरह बढ़ता गया ?

(ख) भद्रमथ शिलालेख की क्षतिपूर्ति कैसे हुई ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) बड़ी हवेली से बुलावा आने पर हरगोबिन के मन में किस प्रकार की आशंका हुई ?

(घ) लेखक सेवाग्राम कब और क्यों गया था ?

**9.** ***अंतराल (भाग दो)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 3 = 6$

(क) सूरदास जगधर से अपनी आर्थिक हानि गुप्त क्यों रखना चाहता था ?

(ख) बूढे तिरलोक सिंह को पहाड़ पर चढ़ना जैसी नौकरी की बात सुनकर अजीब क्यों लगा ?



Downloaded from cclchatper.com

**10.** ***अंतराल (भाग दो)*** के आधार पर उत्तर दीजिए : 4

भूपदादा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

'यह फूस की राख नहीं, उसकी अभिलाषाओं की राख थी' - स्पष्ट कीजिए।

**11.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 × 5 = 15

(क) विभिन्न जनसंचार माध्यमों के लिए लेखन के कौन-कौन-से तरीके हैं ?

(ख) बीट रिपोर्टिंग और विशेषीकृत रिपोर्टिंग में क्या अंतर है ?

(ग) कविता लेखन में शब्दों का क्या महत्त्व है ?



Downloaded from cclchatper.com

**CLASS : 12th Sr. Sec. (Academic)** **Code No. 3004**

**Series : SS-M/2016**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (ऐच्छिक)

## HINDI (ELECTIVE)

***ACADEMIC***

**2nd SEMESTER**

( Only for Fresh/Re-appear Candidates)

***Evening Session***

*समय : **2½** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **10** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Downloaded from cclchatper.com

*नोट : (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।** कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(ii) जिन प्रश्नों के कई भाग हैं, उन्हें एक साथ कीजिए।*

*(iii) वर्तनी की अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में अंक काटे जाएंगे।*

*(iv) शुद्ध, सुपाठ्य तथा सटीक उत्तरों को अधिमान दिया जाएगा।*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से ***एक सही*** विकल्प चुनकर लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) घनानंद ने सोचने से किसके जलने की बात कही है ?

(क) हृदय (ख) लोचन

(ग) मस्तिष्क (घ) तन

(ii) घनानंद के अनुसार 'हितपत्र' कैसा पत्र है ?

(क) प्रेम का (ख) द्वेष का

(ग) चेतावनी का (घ) प्रतिज्ञा का

(iii) अंगद के अनुसार 'धनुरेख' किस के द्वारा पार नहीं हो सकी ?

(क) मेघनाथ (ख) रावण

(ग) कुंभकर्ण (घ) विभीषण



Downloaded from cclchatper.com

(iv) केशवदास ने जगरानी का पुत्र किसे बताया है ?

(क) ब्रह्म को (ख) शिव को

(ग) विष्णु को (घ) कार्तिकेय को

(v) 'मधुपुर' से विद्यापति का किस नगर से आशय है ?

(क) वृंदावन (ख) गोकुल

(ग) मथुरा (घ) द्वारका

(vi) बारहमासा में नायिका प्रियतम के पास किसके द्वारा संदेश भेज रही है ?

(क) कबूतर (ख) कोयल

(ग) कौआ (घ) मेघ

(vii) 'बाजि' किस पशु को कहते हैं ?

(क) घोड़ा (ख) सिंह

(ग) मृग (घ) बैल

(viii) 'बिधि' किसके दुलार को सह नहीं सके ?

(क) राम के (ख) भरत के

(ग) कौशल्या के (घ) कैकेयी के



Downloaded from cclchatper.com

**2.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5

(क) सब जाति फटी दुख की दुपटी कपटी न रहै जहँ एक घटी।
निघटी रुचि मीचु घटी हूँ घटी जगजीव जतीन की छूटी चटी।
अघओघ की बेरी कटी बिकटी निकटी प्रकटी गुरुज्ञान-गटी।
चहुँ ओरनि नाचति मुक्तिनटी गुन धूरजटी जटी पंचवटी।।

(ख) के पतिआ लए जाएत रे मोरा पिअतम पास।
हिए नहिं सहए असह दुख रे भेल साओन मास।।
एक सरि भवन पिआ बिनु रे मोहि रहलो न जाए।
सखि अनकर दुख दारून रे जग के पतिआए।।

**3.** केशवदास ***अथवा*** घनानंद के जीवन, रचनाओं और काव्यगत विशेषताओं का परिचय दीजिए। 5

**4.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 4

(क) महूँ सनेह सकोच बस सनमुख कही न बैन।
दरसन तृपित न आजु लगि पेम पिआसे नैन।।

(ख) यह तन जारौं छार कै कहौं कि पवन उड़ाउ।
मकु तेहि मारग होइ परौं कंत धरैं जहँ पाउ।।



Downloaded from cclchatper.com

**5.** पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 4 = 8$

(क) भरत का आत्मपरिताप उनके चरित्र के किस उज्ज्वल पक्ष की ओर संकेत करता है ?

(ख) माघ महीने में विरहिणी की क्या दशा होती है ?

(ग) कोयल और भँवरों के कलरव का नायिका पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(घ) कवि मौन होकर प्रेमिका के कौन - से प्रण पालन को देखना चाहता है ?

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कोई ***एक*** सही विकल्प चुनकर लिखिए ? $1 \times 8 = 8$

(i) 'पहचान' लघुकथा में जब उन तीनों ने अपनी आँखें खोली तो उन्हें क्या दिखाई दिया ?

(क) स्वर्ग (ख) राजा

(ग) नरक (घ) कुछ भी नहीं

(ii) आदमी उजड़ेगा तो पेड़ क्या रहकर क्या करेंगे ?

(क) खुशहाल (ख) हरेभरे

(ग) जीवित (घ) लहलहाते



Downloaded from cclchatper.com

(iii) यह बाढ़ नहीं, पानी में डूबे किस के खेत हैं :

(क) किसान के (ख) धान के

(ग) गन्ने के (घ) गेहूँ के

(iv) सिंगरौली अपने प्राकृतिक सौंदर्य के बावजूद क्या माना जाता था ?

(क) उजाड़ (ख) मनहूस

(ग) काला-पानी (घ) जेल

(v) कवि की यह सृष्टि कैसी नहीं होती ?

(क) निराधार (ख) आधारहीन

(ग) व्यर्थ (घ) सार्थक

(vi) चंडीदास किस भाषा के कवि थे ?

(क) बंगाली (ख) अवधी

(ग) गुजराती (घ) मराठी

(vii) एक औरत ने गंगाजी में कितने दोने तैराएँ हैं ?

(क) उन्नीस (ख) बीस

(ग) इक्कीस (घ) ग्यारह

(viii) जो समझता है कि वह दूसरों का उपकार कर रहा है वह क्या है ?

(क) अबोध (ख) बुद्धिहीन

(ग) बुद्धिमान (घ) सुबोध



Downloaded from cclchatper.com

**7.** किसी ***एक*** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

(क) दुख और सुख तो मन के विकल्प हैं। सुखी वह है जिसका मन वश में है, दुखी वह है जिसका मन परवश है। परवश होने का अर्थ है खुशामद करना, दाँत निपोरना, चाटुकारिता, हाँ-हजूरी। जिसका मन अपने वश में नहीं है वही दूसरे के मन का दंदावर्तन करता है, अपने को छिपाने के लिए मिथ्या आडंबर रचता है, दूसरों को फँसाने कि लिए जाल बिछाता है।

(ख) बल्कि स्नान से ज्यादा समय ध्यान ले रहा था। दूर जल धारा के बीच एक आदमी सूर्य की ओर उन्मुख हाथ जोड़े खड़ा था। उसके चेहरे पर इतना विभोर, विनीत भाव था मानो उसने अपना सारा अहम त्याग दिया है, उसके अंदर 'स्व' से जनित कोई कुंठा शेष नहीं है, वह शुद्ध रूप से चेतनस्वरूप, आत्माराम और निर्मलानंद है।

**8.** पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $3 \times 4 = 12$

(क) कुटज को 'गाढ़े का साथी' क्यों कहा गया है ?

(ख) 'कवि - पुरोहित' के रूप में साहित्यकार की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ग) लेखक के अनुसार स्वातंत्र्योत्तर भारत की सबसे बड़ी 'ट्रैजेडी' क्या है ?

(घ) 'शेर' कहानी में लेखक ने शेर को किस बात का प्रतीक बताया है ?



Downloaded from cclchatper.com

**9.** अंतराल ***(भाग दो)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कोइयाँ किसे कहते हैं ? इसकी विशेषताएँ क्या हैं ? 3

(ख) 'अब मालवा में वैसा पानी नहीं गिरता जैसा गिरा करता था' - इसका क्या कारण है ? 3

(ग) धरती का वातावरण गर्म क्यों हो रहा है ? इसमें यूरोप और अमेरिका की भूमिका स्पष्ट कीजिए। 4

**अथवा**

बिस्कोहर में हुई बरसात का जो वर्णन विसनाथ ने किया है उसे अपने शब्दों में लिखिए।

**10.** 'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 3 = 15$

(क) कहानी का केंद्र बिंदु कथानक क्यों है ?

(ख) नए तथा अप्रत्याशित लेखन से क्या तात्पर्य है ?

(ग) कहानी के पात्र नाट्य रूपांतरण में किस प्रकार परिवर्तित किए जा सकते हैं ? स्पष्ट करें।



Downloaded from cclchatper.com